CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 7:05 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 301 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 30 मई 2026

वरुण धवन ने की सलमान की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आएं मध्य प्रदेश के श्रद्धालु की मौत

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आएं मध्य प्रदेश के एक श्रद्धालु की जानकीचट्टी में मौत हो गई। धाम की यात्रा के दौरान अब तक मरने वालों की संख्या 14 हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के 61 वर्षीय हरिमोहन अपने परिजनों के साथ चारधाम यात्रा पर आएं थे। जानकीचट्टी में अचानक उनकी तबियत बिगगड़ गई। अचेतन अवस्था में उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सीयूईटी परीक्षा रद्द, भीषण गर्मी में घंटों इंतजार के बाद भड़के छात्र

नई दिल्ली
एजेंसी

नोएडा सेक्टर-62 स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र में शनिवार को आयोजित सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) परीक्षा छात्रों और अभिभावकों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई। सुबह से परीक्षा देने पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन तकनीकी खामी के चलते परीक्षा शुरू ही नहीं हो सकी। आखिरकार परीक्षा रद्द होने की घोषणा के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने केंद्र के बाहर धरना-प्रदर्शन करते हुए एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के खिलाफ जमकर




नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि वे सुबह नौ बजे की परीक्षा के लिए समय से केंद्र पहुंच गए थे। लंबी कतारों में खड़े रहने के बाद जब उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश मिला तो वहां भी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। अभ्यर्थियों के अनुसार परीक्षा शुरू होने का इंतजार करते हुए उन्हें एक से दो घंटे तक कक्ष में बैठाए रखा गया, जबकि कई कमरों में पंखे तक नहीं चल रहे थे। भीषण गर्मी के बीच छात्र लगातार परीक्षा शुरू होने का इंतजार करते रहे, लेकिन अंत में परीक्षा रद्द कर दी गई। प्रदर्शन में शामिल अनुज ने बताया कि उनके भाई की परीक्षा सुबह नौ बजे से थी। वह सुबह 6:30 बजे उन्हें केंद्र छोड़कर घर लौट गए थे और दस बजे लेने पहुंचे। लेकिन तब तक कोई भी छात्र बाहर नहीं आया था। अंदर से लगातार घोषणा की जा रही थी कि तकनीकी कारणों से परीक्षा शुरू नहीं हो पा रही है। अनुज के मुताबिक, एक छात्र ने बाहर आकर बताया कि दो घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद परीक्षा शुरू नहीं हुई और छात्रों को बाहर निकलने की भी अनुमति नहीं दी जा रही थी। प्रदर्शन में शामिल अनुज ने बताया कि उनके भाई की परीक्षा सुबह नौ बजे से थी। वह सुबह 6:30 बजे उन्हें केंद्र छोड़कर घर लौट गए थे और दस बजे लेने पहुंचे। लेकिन तब तक कोई भी छात्र बाहर नहीं आया था। अंदर से लगातार घोषणा की जा रही थी कि तकनीकी कारणों से परीक्षा शुरू नहीं हो पा रही है। अनुज के मुताबिक, एक छात्र ने बाहर आकर बताया कि दो घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद परीक्षा शुरू नहीं हुई और छात्रों को बाहर निकलने की भी अनुमति नहीं दी जा रही थी।

### कई इलाकों में खंभे गिरने से बिजली प्रभावित

## यूपी में आंधी-बारिश से 28 की मौत

नई दिल्ली
एजेंसी

यूपी में शुक्रवार को हुई बारिश और चले तूफान से गर्मी से तो राहत मिली है लेकिन इसके चलते अलग-अलग जिलों में 28 लोगों की मौत हो गई।

नौतपा की भीषण गर्मी के बीच बृहस्पतिवार देर रात और शुक्रवार को प्रदेश में आंधी-बारिश ने कहर बरपाया। लखनऊ समेत पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों और तराई क्षेत्रों में आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले भी गिरे। इससे कच्चे मकानों की दीवारें गिर गईं। टिनशेड उड़ गए। सैकड़ों पेड़ गिर गए। खंभे गिरने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस बीच अलग-अलग जिलों में हुए हादसों और बिजली गिरने से प्रदेश भर में 28 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौसम के कारण भारी तबाही का संज्ञान लेते हुए सभी डीएम को बचाव कार्य तेज करने, नुकसान का आकलन करने और राहत राशि जल्द जारी करने के निर्देश दिए हैं।

रायबरेली में मकान के टिनशेड के नीचे दबकर शकुंतला (50) की मौत हो गई। अंबेडकरनगर में बिजली गिरने से केदारनगर के



इंद्रजीत (50) की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 10 मौतें बुंदेलखंड में हुईं। इनमें बांदा-हमीरपुर में तीन-तीन, महोबा उरई में दो-दो लोगों की मौत हुई। इसके अलावा मथुरा, उन्नाव, फतेहपुर में एक-एक व्यक्ति की जान गई। कौशाम्बी में चार, प्रतापगढ़ में एक की जान गई। आजमगढ़, बलिया और भदोही में एक- एक व्यक्ति की मौत हुई है। देवरिया में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। कच्चे मकान की दीवार गिरने से आगरा में एक रिक्शाचालक की मौत हुई है। सहारनपुर के सिद्धपीठ शाकंभरी देवी क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात 12 बजे शिवालिक पहाड़ियों पर हुई मूसलधार बारिश के बाद आई बाढ़ ने पूरे इलाके में तबाही मचा दी। जल प्रवाह की चपेट में आकर दो महिलाओं की मौत हो गई।

### गढ़वाल में बिजली गिरने से दो भाइयों की मौत, दो पर्यटक घायल

**गोपेश्वर।** तुंगनाथ स्थित चंद्रशिला में शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे बज्रपात होने से लखनऊ निवासी दो भाइयों की मौत हो गई।
कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी ने बताया कि वज्रपात से लखनऊ के अभिनव वाजपेयी (19) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है, जबकि उनके सगे भाई अभिषेक (22) की कुछ देर बाद अस्पताल में मौत गई। दो अन्य आजन मिश्रा, लखनऊ व शुभम शुक्ला उन्नाव भी घायल हुए हैं। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ लाया गया है। वहीं, मक्कूमठ तुंगनाथ के पंच पुरोहित समिति के अध्यक्ष रेवाधर मैठाणी ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन, पर्यटन अधिकारी से यहां घायलों को लाने के लिए स्ट्रैचर की मांग की थी जो पूरी नहीं हुई है।

## सड़क हादसों में तीन लोगों की हुई मौत और तीन घायल

उत्तरकाशी
हमारे संवाददाता

गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार शाम सड़क दुर्घटना में दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह हादसा हेलगुगाड़ से लगभग 200 मीटर आगे गंगनानी की ओर हुआ, जब गंगोत्री से उत्तरकाशी आ रही एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 80 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

जानकारी के अनुसार, कार में चालक सहित कुल पांच लोग सवार थे। इस भीषण दुर्घटना में दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत तीन एम्बुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मृतकों के शवों को भी खाई से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है, और पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

इस हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों की पहचान लक्ष्मी दामोदर रामटेककर (67) निवासी नागपुर, महाराष्ट्र और दामोदर हरीराम जी रामटेककर (77) निवासी नागपुर, महाराष्ट्र के रूप में हुई है। वहीं, दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों में विमल कुमार ( 61) निवासी भुवनेश्वर, ओडिशा, उपासना (54) निवासी भुवनेश्वर, ओडिशा और वाहन चालक यशवीर (35) निवासी पंजाब शामिल हैं।

### गहरी खाई में गिरा डंपर

अल्मोड़ा की सल्ट तहसील के महरौली क्षेत्र के पास बीते शुक्रवार रात को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मौलेखाल से रुडोली की ओर जा रहा एक डंपर अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, दुर्घटना चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के पास हुई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद चालक को खाई से बाहर निकाला गया। घायल चालक की पहचान रमेश चंद्र रेखाड़ी के रूप में हुई। उसे तत्काल उपचार के लिए देवायल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

## वाटर पार्क में नहाने के दौरान पैर लगने पर दबंगों ने युवक पर तमंचे व पंच से जानलेवा हमला किया,गंभीर

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कोतवाली ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक वाटर पार्क में नहाने के दौरान एक युवक का एक अन्य युवक के पैर लगने पर विवाद होने पर एक युवक ने अपने साथियों की मदद से उसको बेहरमी से पीटा, जिससे युवक बेहोश हो गया। पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर पर आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक गंगापुर रोड नंद विहार कालोनी निवासी रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि 24 मई को उसका पुत्र सूरज शर्मा अनन्या वाटर पार्क में नहाने गया हुआ था। नहाते समय उसका पैर एक व्यक्ति को छू गया। जिस पर उसने पुत्र के साथ अभद्रता की।पुत्र ने विरोध किया तो वह गाली गलौज करते हुए चले गए। कुछ देर बाद जब उसका पुत्र नहाकर बाहर आया उस व्यक्ति ने अपने कई साथियों के साथ उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने उसके पुत्र पर तमंचे के बल पर धारदार हथियार, कापा, चाकू,पंच और राड से जानलेवा हमला कर दिया। इससे उसके पुत्र सूरज शर्मा का सिर फट गया और वह बेहोश हो गया।

बाद में आरोपी उसके पुत्र को अधमरा कर चले गए। घटना वाटर पार्क के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद है। रामचंद्र शर्मा ने पुत्र पर हमला करने वाले साहिब,समीर, मुमाशिफ, गौरव कोली, लक्ष्मण (अनुराग), सोहिल (सावि साफिक) पर कार्रवाई की मांग की है। एसएसआइ ट्रांजिट कैंप महेश कांडपाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर छह लोगों पर प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## नितिन नबीन आज टपकेश्वर मंदिर में किए दर्शन, बूथ अध्यक्ष के घर पहुंचे

देहरादून
हमारे संवाददाता

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने टपकेश्वर मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने बूथ अध्यक्ष किशोर कुमार के घर जलपान किया। बैठकों में अनुशासन व एकजुटता का संदेश दिया। विधायकों को धरातल पर काम करने को कहा।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने टपकेश्वर मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने बूथ अध्यक्ष किशोर कुमार के घर जलपान किया। बैठकों में अनुशासन व एकजुटता का संदेश दिया। विधायकों को धरातल पर काम करने को कहा। इसके बाद टपकेश्वर मंदिर के महंत कृष्णा गिरी महाराज और दिगंबर भरत गिरी ने उन्हें टपकेश्वर महादेव का चित्र भेंट



किया। टपकेश्वर मंदिर में दर्शन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष गढ़ी कैंट में ही बूथ अध्यक्ष किशोर कुमार के घर पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले बूथ अध्यक्ष और उनके परिवार से मुलाकात की। इसके बाद घर पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष के घर जलपान किया। इससे पहले शुक्रवार को प्रवास के दूसरे दिन सांसद, विधायकों, पदाधिकारियों, महापौर की बैठकों में जहां कमियां गिनाईं, वहीं सीधे संदेश भी दे दिया कि अनुशासन व एकजुटता से राज्य में फिर भाजपा की सरकार बनानी है। दिनभर चली बैठकों में नवीन हर विधानसभा सीट से लेकर बूथों तक की जमीनी रिपोर्ट लेकर पहुंचे थे। जहां किसी ने गलत जानकारी दी तो उसे तुरंत टोक भी दिया। राजपुर रोड स्थित एक होटल में नवीन ने सांसद व विधायकों की बैठक ली। हर विधायक, सांसद की बात सुनी। सामने उम्र में उनसे बड़े तमाम सांसद व विधायक थे। अध्यक्ष ने कुशल नेतृत्वकर्ता की भांति इशारों-इशारों में सबकी कमियां गिनाईं। विवादों पर अपना रुख भी स्पष्ट किया। पहले से रेकी करके पहुंचे नवीन ने यह संदेश दे दिया कि एकजुटता से ही जीत की हैट्रिक लगेगी। यह भी साफ कर दिया कि घर की बात कमरे के भीतर ही रहनी चाहिए, सोशल मीडिया पर नहीं जानी चाहिए।

# नकल माफियाओं पर रहेगी कड़ी नजर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नैनीताल पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर आगामी 30 और 31 मई को आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल की अध्यक्षता में कोतवाली हल्द्वानी सभागार में हल्द्वानी सर्किल के सभी थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग समूह-'ग') सेवा परीक्षा तथा उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की वाहन चालक एवं प्रवर्तन चालक भर्ती परीक्षा के सफल संचालन को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल, सेक्टर मजिस्ट्रेट और अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की डीएफएमडी, एचएचएमडी एवं मेटल डिटेक्टर से सघन जांच की जाएगी। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। पुलिस अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही साइबर कैफे, फोटोकॉपी और प्रिंटिंग सेंटरों की निगरानी बढ़ाने तथा आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। नकल रोकने के लिए एलआईयू, एसओजी और साइबर टीमों को विशेष रूप से सक्रिय रखा जाएगा। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखते हुए प्रश्नपत्र लीक, नकल या किसी भी भ्रामक सूचना से संबंधित अफवाहों का तत्काल खंडन किया जाएगा। इसके अलावा होटल, ढाबों, गेस्ट हाउस, होम-स्टे और अन्य संदिग्ध ठिकानों की जांच कर नकल माफिया एवं सॉल्वर गैंग पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों और प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस बल तैनात रहेगा। वहीं परीक्षा सामग्री के सुरक्षित परिवहन के लिए आवश्यकतानुसार पुलिस एस्कॉर्ट की भी व्यवस्था की जाएगी।

बैठक में सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं, ताकि दोनों प्रतियोगी परीक्षाएं पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जा सकें। बैठक में सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र शर्मा, प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी विजय मेहता, प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल, प्रभारी निरीक्षक काठगोदाम जसवीर सिंह चौहान, प्रभारी निरीक्षक लालकुआं बृजमोहन सिंह राणा, थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी, प्रभारी एसओजी मोहन सिंह सौन सहित साइबर एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम के अधिकारी मौजूद रहे। नैनीताल पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जनपद में आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाएगा।



# प्रशिक्षु वन रेंजरों ने हिमालयन बॉटनिकल गार्डन का किया भ्रमण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के नारायणनगर स्थित हिमालयन बॉटनिकल गार्डन में शुक्रवार को नार्थ इंडिया टूर में पहुंचे फारेस्ट रेंज आफिसर पद के 36 प्रशिक्षुओं रेंज आफिसरों (बैच 2025-27) ने गार्डन का विस्तार से भ्रमण किया इस दौरान गार्डन में तैनात वन बीट अधिकारी अरविन्द कुमार ने उन्हें भ्रमण के दौरान औषधीय पौधों, फर्न,आर्किड तथा वहां पर मौजूद तितलियों के संसार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कई प्रशिक्षु रेंज अफसरों की ओर से गार्डन की वनस्पतियों से जुड़े कई सवाल भी पूछे गए जिनका वन बीट अधिकारी अरविन्द कुमार ने सरल भाषा में उत्तर दिया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षुओं को गार्डन में मौजूद सभी वनस्पतियों के उपयोग के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रशिक्षु दल को गार्डन की तरफ से स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। सभी प्रशिक्षुओं ने गार्डन के रख रखाव व वहां पर तैनात अधिकारियों व कर्मियों के व्यवहार की सराहना की।

# बार हॉल में कैरम मुकाबलों का रोमांच जारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला बार एसोसिएशन नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित स्व. प्रताप सिंह मौनी स्मृति कैरम प्रतियोगिता के चौथे दिन बार हॉल में सिंगल्स एवं डबल्स वर्ग के रोमांचक मुकाबले खेले गए।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार फि गर मूव्स और सटीक शॉट्स का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डी.एस. दानू ने बताया कि डबल्स वर्ग के पहले मुकाबले में तरुण चन्द्रा एवं कैलाश रावत की जोड़ी ने उमेश कांडपाल और गंगा बोरा की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में गौरव और मुकेश की जोड़ी ने नमन और प्रशांत की जोड़ी को पराजित कर अगले दौर में जगह बनाई वहीं तीसरे डबल्स मुकाबले में दानिश और मुकेश की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने के लिए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट, सचिव संजय सुयाल, उपाध्यक्ष कमल चिलवाल, उपसचिव नीरज गोस्वामी समेत कार्यकारिणी सदस्य तारा आर्य, सरिता बिष्ट, जया आर्य, निर्मल आर्य, मो. बिलाल सहित अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।



## NEWS / फटाफट

### हाईकोर्ट के 7 अधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 16 तथा उत्तराखंड हाईकोर्ट (डिजिग्नेशन ऑफ सीनियर एडवोकेट्स) रूल्स 2018 के तहत 7 अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित करने की अधिसूचना जारी की है। बता दें जिन अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया है उनमें बी. डी. कांडपाल, आर. एस. सममल, लोकेंद्र डोभाल, अमित भट्ट, सत्येंद्र सिंह लिंगवाल, विजय भट्ट तथा जगजीत सिंह विर्क शामिल हैं। न्यायालय की ओर से जारी इस निर्णय को कानूनी क्षेत्र में महत्वपूर्ण माना जा रहा है तथा अधिवक्ताओं के लंबे अनुभव और न्यायिक योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया है।

### एकल वर्ग में द्वितीय व समूह वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया बच्चों ने

**नैनीताल** । नगर के श्री अरविंद आश्रम वन निवास बारापत्थर आयारपट्टा मल्लीताल में शुक्रवार को स्कूली छात्रों के लिए भक्ति गीत प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में नगर के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स स्कूल ने प्रतिभाग किया और एकल वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि समूह वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। विजयी प्रतिभागियों को नगर पालिका की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम द्वारा युवा मन को संगीत के आध्यात्मिक आयाम का अन्वेषण करने और भक्ति व सद्भाव की गहरी भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता में सभासद मनोज साह जगाती समेत कालेज की ओर से विक्रम सिंह रावत तथा संगीत शिक्षिका पूजा आर्या आदि मौजूद रही।



### हाईकोर्ट ने सुना विधानसभा सचिवालय का पक्ष

**नैनीताल** । उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने विधान सभा सचिवालय से बर्खास्त कर्मचारियों के मामले पर सुनवाई की। शुक्रवार को न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने हटाए गए कर्मचारियों का पक्ष सुनने के बाद विधान सभा सचिवालय का भी पक्ष सुना। विधान सभा सचिवालय की ओर से कहा गया कि जितनी भी अवैध नियुक्तियां की गई थी विधान सभा ने उन्हें नियमों के तहत हटाया गया है, जो नियुक्तियां की गई बिना नियमावली के ध्यान में रखते हुए की गई थी जिस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु अब 2 जुलाई की तिथि नियत की है। आज बर्खास्त कर्मचारियों की ओर सर्वोच्च न्यायलय के वरिष्ठ अधिवक्ता देव दत्त कामत और रविन्द्र बिष्ठ ने पैरवी की।

### औद्योगिक सचिव को कर्मियों के प्रत्यावेदन पर विचार करने के निर्देश।

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट में सहकारी समिति सितारगंज चीनी मिल को सरकार के द्वारा पीपी मोड पर दिए जाने के बाद कर्मचारियों के देयकों का भुगतान न करने और उन्हें अन्य जगह समायोजित न करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले को निस्तारित करते हुए औद्योगिक सचिव को कर्मचारियों के प्रत्यावेदन पर विचार करने के निर्देश जारी किए है। मामले की सुनवाई वरिस्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई।

### याचिकाकर्ता दो हफ्ते के भीतर अपना शपथ पत्र कोर्ट में प्रस्तुत करें

**नैनीताल** । उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य आंदोलन के दौरान हुए यूपी के रामपुर तिराहा कांड के आरोपियों को सजा दिलाए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद आज न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि जो रिकार्ड सीबीआई ने कोर्ट में पेश किया है उस पर वे अपना शपथ पत्र दो सप्ताह के भीतर कोर्ट में प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हाईकोर्ट ने कहा:सरकार पहले उपनल संविदा कर्मियों को दे न्यूनतम वेतनमान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी विभागों में वर्षो से लगे उपनल संविदा कर्मचारियों को आदेश होने के बाद भी सरकार द्वारा नियमित नहीं करने और उन्हें चयनित वेतनमान नहीं दिये जाने तथा उनको दिए गए वेतन से जीएसटी काटे जाने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि इनको पहले न्यूनतम वेतनमान दिया जाय। मामले की अगली सुनवाई 9 जून की तिथि नियत की हैं। शुक्रवार को हुई सुनवाई पर सरकार की तरफ से कहा गया कि इनकी जगह जो नई नियुक्तियां की जानी हैं वह सरकार ने वापस ले ली हैं। शर्त यह रखी है कि ये अन्य कर्मचारियों की भांति अन्य मांग नहीं करेंगे। सरकार उन्हें न्यूनतम वेतनमान देने को तैयार है। संविदा कर्मचारी संघ की तरफ से यह भी कहा गया कि वर्ष 2013 की नियमावली के तहत सरकार ने स्कंद पुष्प केंद्र में लगे उपनल कर्मचारियों को नियमित किया था उसी के आधार पर उन्हें भी नियमित किया जाय। मामले को कैबिनेट में रखने की क्या जरूरत है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सरकार से कहा कि पहले इन्हें न्यूनतम वेतनमान दिया जाय। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार संविदा कर्मचारी संघ के अधिवक्ताओं ने कोर्ट के समक्ष उनका पक्ष रखते हुए कहा कि पूर्व में कोर्ट की खंडपीठ ने उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण के सम्बंध में एक आदेश जारी किया था लेकिन इस आदेश पर अब तक राज्य सरकार की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। न ही इसे उच्च न्यायलय के रिकॉर्ड में लाया गया है। पूर्व में संघ की ओर से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस अवमानना याचिका पर उत्तराखंड उपनल कर्मचारी संघ बनाम आनन्द बर्धन मुखय सचिव उत्तराखंद्ध की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की मांग की गयी थी।

# मॉल रोड के रेस्टोरेंट में बिल भुगतान को लेकर हंगामा

**नैनीताल** । नैनीताल में घूमने आए हरियाणा के तीन युवकों का एक अनोखा कारनामा मॉलरोड पर चर्चा का विषय बन गया। मामला बीरवार देर रात का है जब तीनों युवक मॉलरोड स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे और खाने के बाद बिल न देने की बात कही।बताया जा रहा है कि युवकों ने देर रात रेस्टोरेंट में खाना खाया और फिर दो युवक किसी बहाने से बाहर निकल गए। रेस्टोरेंट कर्मियों ने जब तीसरे युवक से 860 रुपये का बिल मांगा तो उसने कहा कि उसके साथी पैसे लेकर वापस आ रहे हैं। कर्मचारी काफ ी देर तक उसके साथियों के लौटने का इंतजार करते रहेए लेकिन दोनों युवक वापस नहीं आए। इसके बाद जब दोबारा बिल चुकाने को कहा गया तो युवक ने पैसे देने से इंकार कर दिया। रेस्टोरेंट कर्मियों के मुताबिक युवक तरह तरह के तर्क देकर बिल देने से बचने की कोशिश करता रहा। देर रात तक बहस चलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।

# वीकेंड पर कैंची धाम, भवाली और भीमताल में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कैंची धाम तथा भवाली और भीमताल क्षेत्र में वीकेंड के दौरान बढ़ने वाली पर्यटकों की भीड़ और यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष यातायात एवं डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था प्रत्येक शनिवार और रविवार को लागू रहेगी।

एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी की ओर से जारी यातायात प्लान के अनुसार अल्मोड़ा और रानीखेत की ओर से हल्द्वानी जाने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से डायवर्ट कर रामगढ़ और मुक्तेश्वर मार्ग से हल्द्वानी भेजा जाएगा ताकि कैंची धाम और भवाली क्षेत्र में जाम की स्थिति न बने। वहीं हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले आवश्यक सेवा से जुड़े भारी वाहन अपने निर्धारित मार्ग से जा सकेंगे। अन्य भारी वाहनों को यातायात का दबाव बढ़ने पर मस्जिद तिराहा भवाली से पहले रोका जाएगा या उन्हें रामगढ़ और खुटानी मोटर मार्ग से भेजा जाएगा। प्रशासन ने कैंची धाम आने वाले पर्यटकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की है। वाया भीमताल आने वाले पर्यटकों के निजी वाहनों को भीमताल विकास भवन पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। यहां से पर्यटकों को स्थानीय शटल सेवा के माध्यम से भवाली और कैंची धाम भेजा जाएगा। इसी तरह गेठिया और नैनीताल मार्ग से कैंची धाम आने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। वहां से भी शटल सेवा के जरिए श्रद्धालुओं को कैंची धाम पहुंचाया जाएगा। वीकेंड के दौरान टैक्सी दोपहिया वाहनों के कैंची धाम में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ऐसे वाहनों को भी सैनेटोरियम पार्किंग में खड़ा कर शटल सेवा से भेजा जाएगा। पुलिस प्रशासन ने पर्यटकोंए वाहन स्वामियों और आमजन से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए निर्धारित यातायात और डायवर्जन प्लान का पालन करें तथा यात्रा के दौरान पुलिस के निर्देशों का सहयोग करें।

# अभिमत

## सच छिपता नहीं

*देश में कई जगह अब भी धर्म स्थलों को लेकर टकराव हो रहा है। मध्य प्रदेश में धार स्थित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर मामले में हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि यह सरस्वती मंदिर है। सात सौ साल के संघर्ष के बाद सनातन पक्ष को यह जीत हासिल हुई है। अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर निर्णय किया है। वैज्ञानिक सर्वे में मूर्तियां, सिक्के और एतिहासिक अवशेष मिले। दीवारों पर देवी-देवताओं की आकृतियां मिलीं। सच को छिपाया नहीं जा सकता है।*

धर्म स्थलों को लेकर विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर को लेकर वर्षों तक आंदोलन किया गया। न्यायालय के फैसले का इन्तजार किया गया। अंततः राम मंदिर का निर्माण हो गया। देश में कई जगह अब भी धर्म स्थलों को लेकर टकराव हो रहा है। मध्य प्रदेश में धार स्थित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर मामले में हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि यह सरस्वती मंदिर है। सात सौ साल के संघर्ष के बाद सनातन पक्ष को यह जीत हासिल हुई है। अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर निर्णय किया है। वैज्ञानिक सर्वे में मूर्तियां, सिक्के और एतिहासिक अवशेष मिले। दीवारों पर देवी-देवताओं की आकृतियां मिलीं। सच को छिपाया नहीं जा सकता है। राजनीतिक स्वार्थ के कारण मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को मानने से इन्कार किया जा रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वे की रिपोर्ट को भी नहीं माना जा रहा है। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील का प्रावधान है। राम मंदिर मामले में भी उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। शीर्ष अदालन ने मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया था। भोजशाला में सरस्वती मंदिर के ठोस साक्ष्य हैं। हाईकोर्ट के फैसले को स्वीकार करने से दोनों ही धर्मावलंबियों के बीच सौहार्द्र के साथ ही क्षेत्र विशेष के लिए हितकर होगा। शीर्ष अदालत में सच को झुठलाने का प्रयास सफल नहीं होगा, बल्कि इस मुद्दे पर राजनीतिक रोटियां सेकी जायेंगी। साम्प्रदायिक सद्भाव को क्षति पहुंचाई जायेगी। राजनीति से हटकर समुदाय विशेष की प्रमुख हस्तियां हाईकोर्ट के निर्णय का स्वागत करके साम्प्रदायिक सौहार्द्र का उदाहरण पेश करें। एतिहासिक तथ्य है कि मंदिरों को ध्वस्त कर अनेक जगह मस्जिदें बनाई गईं। अयोध्या में विदेशी आक्रमणकारी ने राम जन्मभूमि पर अपने नाम से मस्जिद बनाई थी। सनातन को छोड़कर अन्य धर्मावलंबियों के बहुत से धर्मस्थल हैं, जो मंदिर तोड़कर नहीं बनाये गये हैं। आठ सौ साल तक मंदिरों को तोड़ा गया। हजारों लोगों की हत्या की गई। लाखों लोगों का धर्मांतरण किया गया। ब्रिटिश शासन की गुलामी से आजादी मिलते समय धर्म के आधार पर देश का विभाजन किया गया, फिर भी भारत के संविधान में सभी धर्मावलंबियों को समान अधिकार प्रदान किया गया है। समुदाय विशेष समान व्यवहार करने को राजी नहीं है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकलेगी जागरूकता रैली

### 5:00 से 7:00 बजे तक बुद्ध पार्क तिकोनिया से कालाढूंगी चौराहे तक निकाली जाएगी




**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सामाजिक सरोकारों से जुड़ा गैर-राजनीतिक संगठन साथी आगामी 31 मई 2026 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली आयोजित करेगा।

संगठन द्वारा तंबाकू एवं निकोटीन के घातक दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। संगठन के अनुसार रैली सायं 5:00 बजे से 7:00 बजे तक बुद्ध पार्क तिकोनिया से कालाढूंगी चौराहे तक निकाली जाएगी। इस दौरान आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाली शारीरिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय हानियों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

साथी संगठन ने कहा कि तंबाकू का सेवन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवारों को आर्थिक संकट की ओर धकेलता है तथा पर्यावरण को भी प्रदूषित करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण प्रतिवर्ष विश्वभर में लाखों लोगों की अकाल मृत्यु होती है। वहीं, निष्क्रिय धूम्रपान (सेकंड हैंड स्मोकिंग) भी गैर-धूम्रपान करने वाले लोगों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है।

इस वर्ष अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम जनता को तंबाकू उद्योग के भ्रामक प्रचार और लुभावने हथकंडों से बचाने का संदेश देना है। संगठन ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे सिगरेट, बीड़ी, गुटखा और खैनी जैसे तंबाकू उत्पादों का सेवन छोड़ें तथा अपने बच्चों और युवाओं को निकोटीन की लत से दूर रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही संगठन ने लोगों से तंबाकू छोड़ने के इच्छुक व्यकियों के प्रति सहानुभूति रखने और उन्हें चिकित्सकीय सहायता लेने के लिए प्रेरित करने की भी अपील की है। संगठन ने आइए तंबाकू को ना कहें और जीवन को हां कहें का संदेश देते हुए समस्त पत्रकार बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे इस जागरूकता रैली को प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार प्रदान करें। प्रेस वार्ता मे साथी संगठन अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी, महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया, संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला, संरक्षक एन बी गुणवंत, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह खोलिया, विजय तिवारी, जीवन चन्द्र पंतोडा मौजूद रहे।

## नैनीताल में कपड़ों की दुकान से चोरी का वीडियो वायरल

**नैनीताल** । पर्यटन सीजन के बीच नगर में मल्लीताल स्थित न्यू पालिका बाजार में एक कपड़ों की दुकान से चोरी का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार एक महिला अपने परिवार के साथ खरीदारी के बहाने दुकान में पहुंची। इसी दौरान महिला पर कपड़े चोरी करने का आरोप है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकान संचालक अनमोल ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने महिला की काफी तलाश कीए लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। वायरल वीडियो में महिला दुकान में कपड़े देखते हुए नजर आ रही है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। उनका आरोप है कि कई बार लोग परिवार के साथ खरीदारी के लिए आते हैं और मौका मिलते ही सामान चोरी कर फरार हो जाते हैं। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और संदिग्ध लोगों पर नजर रखने की मांग की है।

## बकरीद की छुट्टी के बाद नैनीताल में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

ईद की छुट्टियों के बाद शुक्रवार को सरोवर नगरी नैनीताल पूरी तरह पर्यटकों के रंग में रंगी नजर आई। सुबह से ही शहर की सडजोंए बाजारों और पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी। तल्लीताल से मल्लीताल तक मॉलरोड पर पर्यटकों की चहल.पहल देर शाम तक बनी रहीए जबकि पंत पार्क और नैनीझील किनारा लोगों से गुलजार रहा।

शुक्रवार को सुबह से नैनीताल में पर्यटकों की आवक रही। नैनीझील में नौकायन के लिए पर्यटकों की लंबी कतारें लगी रहीं। रंग.बिरंगी नौकाओं में बैठकर परिवारए युवा और बच्चे झील की खूबसूरती का आनंद लेते दिखाई दिए। झील किनारे सेल्फी लेते पर्यटक और मॉलरोड पर घूमते लोगों ने शहर की रौनक को और बढ़ा दिया। होटल, रेस्टोरेंट और स्थानीय कारोबारियों के यहां भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। वीकेंड और छुट्टियों के चलते शहर में भारी भीड़ की आशंका पहले से थी। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को लेकर पहले ही सख्ती बरती थी। बाहरी जनपदों से आने वाले दोपहिया वाहनों पर रोक लगाए जाने का असर भी साफ दिखाई दिया। अन्य दिनों की तुलना में शहर में यातायात अपेक्षाकृत व्यवस्थित रहा और लंबे जाम की स्थिति नहीं बनी। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस और यातायात कर्मी लगातार मुस्तैद रहे। पार्किंग स्थलों से शटल सेवा के जरिए पर्यटकों को शहर भेजा गयाए जिससे मुखय मार्गों पर दबाव कम रहा।

एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि पर्यटन सीजन और वीकेंड को देखते हुए विशेष यातायात प्लान लागू किया गया है। बाहरी दोपहिया वाहनों पर प्रतिबंध और डायवर्जन व्यवस्था से यातायात सुचारू बना हुआ है। उन्होंने पर्यटकों से नियमों का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## मौसम बदलने से फिर बढ़ी वायरल मरीजों की संख्या

नैनीताल। गर्मी के बीच नैनीताल में बारिश व ठंड के बाद वायरल बुखार, सर्दी.जुकाम और गले के संक्रमण के मरीजों की संखया तेजी से बढने लगी है। बृहस्पतिवार को बारिश के बाद शुक्रवार को बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में वायरल संक्रमण के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। बता दें कि बीते एक महीने से नैनीताल में भी गर्मी महसूस की जा रही है। अस्पताल में वायरलए डायरिया के मरीज पहुंचने लगे हैं। इन दिनों सुबह से ही ओपीडी के बाहर मरीजों की भीड़ लगी रही है। इधरए बृहस्पतिवार की देर रात बारिश के बाद ठंड ने बीमारों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। शुक्रवार को अस्पताल में 545 मरीज ओपीडी में पहुंचे हैं। कई मरीज बुखार, खांसी तथा बदन दर्द और कमजोरी की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। डाकटरों ने बदलते मौसम में लापरवाही न बरतने और खानपान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।

# फिल्मी दुनिया

## वरुण धवन ने की सलमान खान की एक्टिंग, यूजर्स को नहीं आई पसंद





*वरुण धवन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह कई कलाकारों की एक्टिंग कर रहे हैं। उन्होंने सलमान खान की भी एक्टिंग की है लेकिन यूजर्स को उनकी एक्टिंग नहीं पसंद आई है।*

*अभिनेता वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म %है जवानी तो इश्क होना को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म अगले महीने पांच जून को रिलीज होने वाली है। इससे पहले वरुण धवन इसके प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वह सलमान खान, शाहरुख खान और गोविंदा की एक्टिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वरुण धवन और कई दूसरी हस्तियां नजर आ ही हैं। वीडियो के कैप्शन में लिखा है कि अगर बॉलीवुड के स्टार क्रिकेट पिच पर आएं को इस तरह का नजारा होगा। वीडियो में एक शख्स वरुण धवन से कहता है कि अगर सलमान खान बैटिंग करेंगे तो कैसे करेंगे? इसके बाद वरुण धवन बैट पकड़कर सलमान खान की एक्टिंग करते हैं। इसी तरह से वह शाहरुख खान का सिग्नेचर पोज देते हुए उनकी एक्टिंग करते हैं। आखिर में वह गोविंदा का सिग्नेचर डांस स्टेप करके उनकी एक्टिंग करते हैं।*

### वीडियो पर यूजर्स के कमेंट

*वरुण धवन की एक्टिंग देखकर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगते हैं। इसके अलावा कई यूजर्स ने वरुण की एक्टिंग पर मिली जुली प्रतिक्रिया दी है। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा सलमान भाई लेफ्टी है। इतना भी नहीं पता है। एक दूसरे यूजर ने लिखा सलमान खान बाएं हाथ वाले बल्लेबाज हैं। एक और यूजर ने लिखा लेफ्टी है सलमान खान लाडले। एक यूजर ने कहा यहां भी ओवर एक्टिंग कर रहे हैं।*

## सर्वे: मंगोली-भेवा मोटर मार्ग के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

क्षेत्र पंचायत सदस्य मंगोली गहलना मुकेश महरा एवं ग्राम प्रधान मंगोली भारती महरा के लगातार प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग रहे मंगोली-भेवा मोटर मार्ग के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मार्ग का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रांतीय खण्ड नैनीताल के अधिकारियों के.डी. दुम्का एवं नवीन कत्यूरा द्वारा प्रस्तावित मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया गया। सर्वे पूर्ण होने के बाद अब मार्ग निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश महरा एवं ग्राम प्रधान भारती महरा ने बताया कि इस मोटर मार्ग के निर्माण से मंगोली और भेवा क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि संबंधी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए लगातार संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों के स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।



# बागवाला में 156 करोड़ की लागत से निर्मित 1872 आवास जल्द लाभार्थियों को आवंटित होंगे

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

बागवाला में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 156 करोड़ की लागत से निर्मित 1872 आवास शीघ्र लाभार्थियों को आवंटित होंगे। शुक्रवार को सचिव आवास एवं राज्य सम्पत्ति डॉ आर राजेश कुमार ने रुद्रपुर पहुँचकर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरिक्षण किया और प्राधिकरण द्वारा किये जा रहें विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी भी ली। सचिव ने बताया कि शीघ्र ही निर्मित आवासों का लोकार्पण कर लाभार्थियों को आवासों की चाबियां सौंपी जाएंगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान आवास के



लाभार्थियों से धनराशि जमा कराने के निर्देश प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए ताकि शीघ्रता से लाभार्थियों को आवासों का आवंटन हो सकें।

उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण ने बताया कि पीएम आवास हेतु 3 लाख सरकार ने एवं 3 लाख की धनराशि लाभार्थी द्वारा जमा किये जाने है। उन्होंने बताया अभी तक 185 लाभार्थियों द्वारा पूर्ण धनराशि की जा चुकी है तथा 222 लाभार्थियों से पत्र व दूरभाष के माध्यम से धनराशि जमा कराने हेतु अवगत किया गया है। सचिव प्राधिकरण ने बताया कि निर्मित आवासों की साफ-सफाई का कार्य चल रहा है। तथा आवास परिसर में पौधारोपण का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आवास परिसर में एस. टी. पी. बना गया है तथा उसकी टेस्टिंग भी कर ली गई है।सचिव ने निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आवास आवंटन का प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री शीघ्र लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 भी शीघ्र आ रही है। परियोजनाओं हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।यहां पर उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, सीडीओ दिवेश शाशनी, सचिव जिला विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय, एमएनए शिप्रा जोशी,ईई लोनिवि गजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। सचिव ने त्रिशूल चौक के पास लोनिवि की 6.5 एक? भूमि कुमाऊं कॉमर्शियल कुटीर बहुमंजिला भवन हेतु चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष प्राधिकरण ने बताया कि कुमाऊं कॉमर्शियल कुटीर प्रोजेक्ट में बहुमंजिला, आवासीय व कॉमर्शियल भवन बनाये जायेंगे जिसकी प्रारम्भिक डीपीआर बनाकर शासन को भेज दी गई है।इसके बाद सचिव ने रामपुर रोड पर प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष प्राधिकरण ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर हेतु 48 एक? में 72 करो? की प्रारम्भिक डीपीआर शासन को भेजी गई है। सचिव आवास ने कहा की ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना में ट्रांसपोरटर्स को सभी सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

## News कॉर्नर

### नैनीताल में हुई प्री मानसून की हल्की बारिश

नैनीताल । सरोवर नगरी नैनीताल में मानसून के बादलों ने बरसना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को हल्की बूंदा बांदी हुई जबकि रात को रुक रुक कर हल्का पानी बरसता रहा।

बता दें प्री मानसून के दस्तक देते ही नगर का मौसम सामान्य हो चला है। चढ़े हुए तापमान भी सामान्य हो चले हैं। दोपहर में हल्की बूंदाबांदी हुई। बादल पूरे दिन आसमान में छाए रहे। मौसम विभाग की माने तो प्री मानसून शॉवर पहुंचने शुरू हो गए हैं और आने वाले दिनों में भी बरसा होती रहेगी। मौसम सामान्य बना रहेगा। तेज हवाएं भी चलती रहेंगी। मौसम का यह मिजाज मानसून आने तक बना रहेगा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा।

### मॉल रोड में दौड़ती टैक्सी बाइकों के खिलाफ चला अभियान

नैनीताल। पर्यटन सीजन के बीच मॉल रोड पर दौड़ती प्रतिबंधित टैक्सी बाइकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने शुक्रवार को अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि शुक्रवार को मॉलरोड और तल्लीताल क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने कई बाइक चालकों को चेतावनी भी दी। टीएसआई ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान मॉलरोड में प्रतिबंधित टैक्सी बाइकों के संचालन करने पर संचालक के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# झमाझम बारिश से जंगलों की आग बुझी, गर्मी से मिली राहत

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

नगर सहित जिले के विभिन्न हिस्सों में हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। झमाझम बारिश के बाद जहां मौसम सुहावना हो गया है वहीं जंगलों की आग बुझने से वन विभाग ने भी राहत की सांस ली।

बारिश नहीं होने से तेज गर्मी पड़ रही थी। आवाजाही के दौरान धूप से पसीना निकल रहा था। बारिश न होने से जंगलों में भी आग की घटनाएं तेजी से बढ़ गई थी। जंगलों की आग से गर्मी में और भी इजाफा हो गया था। जंगलों की आग पर काबू पाना वन विभाग के लिए चुनौती बन गया था। बीते बृहस्पतिवार की देर रात झमाझम बारिश हुई। शुक्रवार की सुबह घाटी वाले क्षेत्रों में हल्के बादल रहे। आठ बजे बाद मौसम खुला और धूप निकली। शाम को एक बार फिर मौसम ने करवट ली। आसमान में बादल छा गए और कुछ ही देर बाद बारिश होने लगी। बारिश के चलते नगर का बाजार भी शाम को जल्दी बंद हो गया। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली तो वहीं जंगलों की आग भी बुझ गई है। इससे मौसम सुहावना हो गया है।



### आंधी से नुकसान, मकानों की छत उड़ी

**चमोली**। बृहस्पतिवार देर शाम को देवाल ब्लॉक के हिमनी गांव में आंधी और भारी बारिश से कई मकानों व गोशालाओं को नुकसान पहुंचा। कई मकानों और शौचालयों की टिन की छत उड़ गई वहीं गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं। आंधी से रमेश राम और दलबीर सिंह के मकानों की छतें उड़ गईं जबकि राम सिंह और खीम सिंह की गोशालाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। लक्ष्मण सिंह और जयबीर सिंह के शौचालयों की टिन की छतें भी उड़ गईं। वहीं फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

# राहगीरों के साथ मारपीट और धमकाने के आरोपी को पुलिस दबोचा,शांति भंग में चालान

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को राहगीरों के साथ गाली गलौज, मारपीट और धमकाने के आरोप है हिरासत में लिया।

पुलिस ने उसके खिलाफ शांति भंग के आरोप में कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया। एसएसपी के निर्देशन में और एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी व सीओ सिटी के पर्यवेक्षण में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। एसएसआई महेश कांडपाल ने बताया कि 28 मई.2026 की रात उप निरीक्षक सौरभ कुमार भारती पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त,संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान परशुराम चौक क्षेत्र में एक युवक राहगीरों से अभद्र व्यवहार करते हुए झगड़ा करते हुए एवं हंगामा करता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच युवक को समझाने का प्रयास किया, मगर वह और अधिक उग्र होकर आने-जाने वाले लोगों को धमकाते हुए शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने लगा। उन्होंने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए पुलिस ने युवक को मौके पर ही हिरासत में लिया। कोतवाली ले जाया गया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम गुरविन्दर सिंह पुत्र रोशन लाल शर्मा निवासी नियर केटीएम शोरूम, खेड़ा चौकी रम्पुरा क्षेत्र रुद्रपुर बताया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा 126/135/135(3)/170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई करते हुए अभियोग दर्ज किया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

जनपद पुलिस लोगों से अपील करती है कि सार्वजनिक स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाये रखें तथा किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# संस्था के फैसलों से सरकार व सीएम की छवि का हुआ नुकसान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के फ्लैट्स मैदान में ईद की नमाज की अनुमति दिए जाने के मामले ने अब राजनीतिक रंग पकड़ लिया है।

भाजपा कार्यकर्ता हरीश राणा ने पत्रकार वार्ता में नैनीताल जिमखाना संस्था और नगर पालिका परिषद पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि संस्था के फैसलों से सरकार और मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि को नुकसान पहुंचा है। हरीश राणा ने कहा कि राज्य सरकार और मुखयमंत्री की ओर से सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण और विवादित गतिविधियों को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे इसके बावजूद नैनीताल जिमखाना संस्था ने फ्लैट्स मैदान में नमाज की अनुमति दे दी हालांकि बाद में यह अनुमति रद्द कर दी गई लेकिन मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया और वही अनुमति सरकार के खिलाफ एक बड़ा आधार बन गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिमखाना संस्था के पदाधिकारियों के फैसलों के कारण सरकार को सार्वजनिक रूप से किरकिरी का सामना करना पड़ा। राणा ने कहा कि फ्लैट्स मैदान शहर की ऐतिहासिक और सार्वजनिक संपत्ति है ऐसे मामलों में कोई भी निर्णय लेने से पहले शासन और प्रशासन से स्पष्ट अनुमति ली



जानी चाहिए थी।

भाजपा कार्यकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि जिस भवन और मैदान को लेकर स्वामित्व और लीज संबंधी विवाद बने हुए हैं वहां सरकारी धन से कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि कब्जे वाले भवन पर करोड़ों रुपये खर्च करने की अनुमति किस स्तर से दी गई और इसके पीछे अधिकारियों की मंशा कया थी। राणा ने कहा कि फफ्लैट्स मैदान और पवेलियन भवन से जुड़े मामलों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने जिमखाना संस्था और पालिका के वित्तीय रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग भी उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में जहां जहां सड़क चौड़ीकरण हो रहा है वहां पालिका पार्किंग संचालन शुरू कर आर्थिक लाभ लेने में जुटी हैए जबकि सार्वजनिक सुविधाओं और खिलाड़ियों के हितों की अनदेखी की जा रही है।

### जल संस्थान कर्मियों ने टैंकर किए खड़े

**पिथौरागढ़**। जल संस्थान के एई से अभद्रता का मामला तूल पकड़ गया है। जल संस्थान कर्मियों ने संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर टैंकर खड़े कर दिए, इससे नगर के प्रभावित क्षेत्रों में पानी नहीं बंटा। नगर में रोजाना 12 एमएलडी पानी की जरूरत है। आंवलाघाट, घाट पंपिंग सहित अन्य योजनाओं से नगर में सिर्फ नौ से 10 एमएलडी पानी ही पहुंचता है।

# उत्तराखंड सरकार ने वापस ली विशेष अपील

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**अदालत से**

- हाईकोर्ट ने मामला किया खारिज

उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नैनीताल के फ्लैट्स मैदान में नमाज पढने की अनुमति देने वाले एकलपीठ के फैसले को चुनौती देती राज्य सरकार की विशेष अपील को सरकार द्वारा वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। मामला उत्तराखंड राज्य एवं अन्य बनाम अंजुमन इस्लामिया नैनीताल एवं अन्य से जुड़ा हुआ था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश हुए स्थायी अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि सरकार इस अपील को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है और इसे वापस ले रही है।

राज्य सरकार के इस रुख के बाद उच्च न्यायालय ने विशेष अपील को नॉट प्रेस्ड (आगे न बढ़ाने के कारण) मानते हुए पूरी तरह से खारिज कर दिया। इसके साथ ही अदालत ने आदेश दिया कि इस मामले से जुड़े सभी लंबित आवेदन भी स्वतः ही निस्तारित माने जाएंगे।

# पुलिस कर्मी के खिलाफ हुई प्राथमिकी दर्ज,भूतबंगला में वाल्मीकि मंदिर गेट पर मांस फैंकने का लगा आरोप

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**मुकदमा**

- भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज जिलाध्यक्ष विजेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई
- माहौल खराब करने के प्रयास का भी आरोप , हिरासत में

कोतवाली पुलिस ने भूतबंगला में वाल्मीकि मंदिर गेट पर मांस फैंक माहौल खराब करने के प्रयास के आरोपी पुलिस कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

भूतबंगला वार्ड 20 निवासी भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र पुत्र राजेंद्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि समाज का एक मन्दिर स्थित है उसके पास में उसी के पास में कुछ मुस्लीम समाज के लोग रहते है। वहीं पर मन्दिर के गेट के अजीम नामक व्यक्ति रहता है जो अपने आप को उत्तराखंड पुलिस बताता है। आरोप है कि शुक्रवार को लगभग 1 बजे उक्त अजीम ने अपने घर के सामने बकरे की कुब्रानी की और बकरे के अवशेष मलवा पवित्र भगवान बाल्मीकि मन्दिर के मुख्य गेट पर फैंका दिया। बताया कि कालोनी के लोगो के विरोध करने अजीम गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बाद में उत्तराखंड पुलिस में हूं मेरा कुछ नहीं बिगाड सकते। वह झगड़ू किस्म का व्यक्ति है। उसके इस कृत से शांत समाज में दंगा जैसी स्थीति पैदा हो सकती है। उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई की मांग की। कोतवाल प्रकाश दानू ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे गिरफ्तार भी कर लिया। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

शुक्रवार को कोतवाल से मिलने वाले राजू वाल्मीकि , विजय वाल्मीकि, किशन शर्मा, रंजीत , वंश , मुनीष ,महेश,अनिल, विशाल, प्रेम सिंह बाल्मीकि अरुन, कालीचरन आदि शामिल रहे।

### काशीपुर में छात्राओं के लिए ज्ल्द बनेगा पुस्तकालय

**काशीपुर**। छात्राओं के लिए जसपुर खुर्द में पुस्तकालय बनाने की तैयारी है। पुस्तकालय में केवल छात्राओं को ही प्रवेश मिलेगा और केवल उन्हें ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए पुस्तकें मिलेंगी। बजट मिलते ही पुस्तकालय बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

नीति आयोग की ओर से हर जिले के ब्लॉक में छात्राओं के लिए पुस्तकालय बनाई जानी है। यह 15 लाख रुपये से बननी है। जसपुर खुर्द में काशीपुर ब्लॉक का पंचायत भवन है। हालांकि अब जसपुर खुर्द नगर निगम क्षेत्र में आता है बावजदू इसके अब भी वहां पर पंचायत भवन है। ब्लॉक की ओर से पंचायत भवन में पुस्तकालय बनाने की तैयारी चल रही है।